# 3 हजार करोड़ के सरचार्ज होंगे माफ

## 03 माह से अधिक समय का बकाया रखने वालों का 100% सरचार्ज माफ

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 3 नवंबर. प्रदेश में बिजली के बकायादारों को राज्य सरकार ने बड़ी राहत दी है. तीन माह या उससे अधिक समय से बिल बकाया रखने वाले घरेलू, गैर घरेलू ,कृषि तथा औद्योगिक उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत तक सरचार्ज में अब छूट मिलेगी.**

इसके लिये प्रदेश में सोमवार से समाधान योजना शुरू हो गई है. इस योजना से प्रदेश के 90 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को फायदा होगा. बिजली उपभोक्ताओं के 3 हजार करोड़ रुपये के सरचार्ज माफ होंगे.

सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को रिमोट का बटन दबाकर समाधान योजना की शुरुआत कर दी है. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी के अरेरा कॉलोनी स्थित एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के भवन का लोकार्पण भी किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की ऑल राउंडर महिला क्रिकेट खिलाड़ी क्रांति गौड़ को एक



करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की. समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना उन उपभोक्ताओं के लिए राहत का द्वार खोल रही है, जो किसी कारणवश समय पर अपने बिजली बिल नहीं भर पाए. योजना से बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलने के साथ ही राज्य की बिजली व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी. इस कदम से जनता का भरोसा और शासन की पारदर्शिता एक साथ बढ़ेगी.

### समाधान योजना 2025-26 : एक नजर में

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है. यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं, के सिद्धांत पर आधारित है. इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमश: कम होता जाएगा. समाधान योजना दो चरणों में चलेगी. प्रथम चरण 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक होगा, जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा. इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में यह योजना एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी. इसमें 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा.

# कप सिरप कांड : डॉक्टर की पत्नी गिरफ्तार

## विशेष जांच दल एसआईटी ने बैंगलोर से किया गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा,03 नवम्बर ।जिलेभर को हिला देने वाले कप सीरप कांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित विशेष जांच दल एसआईटी ने रविवार देर रात डॉ. प्रवीण सोनी की पत्नी ज्योति सोनी को बेंगलोर से गिरफ्तार कर लिया है।**

सोमवार की सुबह एसआईटी टीम आरोपी को परासिया लेकर पहुंची, जहां थाने में दिनभर पूछताछ की गई। आरोपी ज्योति सोनी का परासिया में 'अपना मेडिकल स्टोर' नाम से दवा दुकान संचालित है। जांच के दौरान सामने आए साक्ष्यों और कैमिस्ट सौरभ




जैन के बयान के आधार पर एसआईटी ने ज्योति सोनी को मामले में आरोपी के रूप में नामजद किया है। औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा पूर्व में ही भारी गड़बडी पाए जाने पर अपना मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम बीते कुछ दिनों से उनकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी और लोकेशन ट्रेस करने के बाद बेंगलोर से गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई।

> इस हाई-प्रोफाइल केस में अब तक सातवीं गिरफ्तारी की जा चुकी है।इससे पहले पुलिस द्वारा श्रीसन कंपनी के संचालक रंगनाथन, कैमिस्ट माहेश्वरी, डॉ प्रवीण सोनी, स्टॉकिस्ट राजेश सोनी , कैमिस्ट सौरभ जैन, एमआर सतीश वर्मा को पुलिस ने हिरासत में लिया था।गौरतलब है कि जहरीले कप सीरप के सेवन से जिले में 22 से अधिक बच्चों की दर्दनाक मौत हो चुकी है, जिसके बाद प्रशासन और पुलिस दोनों ने कड़ी कार्रवाई शुरू की थी।

### एक नजर में

#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले उप्र के मंत्री गुप्ता

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को समत्व भवन में उत्तरप्रदेश में औद्योगिक विकास, निर्यात संवर्धन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री ने मंत्री उप्र गुप्ता सहित मध्यप्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई. मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को सरकार की औद्योगिक विकास से जुड़े कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण नीति का अध्ययन करने के निर्देश दिए.

#### बजरंग दल ने वाहन का पीछा कर गोवंश तस्करी पकड़ी

**बैतूल.** मध्यप्रदेश में बैतूल जिले के मुलताई में रविवार को गोवंश तस्करी का मामला सामने आया। जिसकी सूचना मिलने पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मालेगांव के पास संदिग्ध वाहन (एमएच 02 बीडी 7441) का पीछा कर उसे रोका। कार में पांच गोवंश अमानवीय तरीके से भरे हुए पाए गए। कार चालक मौके से फरार हो गया, जबकि गुस्साए लोगों ने वाहन में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर मुलताई पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जब्त कर लिया। पशु चिकित्सक से जांच कराकर सभी गोवंशों को सुरक्षित गौशाला भेजा गया। वही बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।



# राज्यपाल ने किया 76वें टीबी सील अभियान का शुभारंभ

**भोपाल, 3 नवम्बर . राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि टी.बी. उन्मूलन के लिए सबसे प्रभावी उपाय जन-जागरूकता है। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह टी.बी. जागरूकता कार्यक्रमों में भागीदारी करे और इसके उन्मूलन में सहयोग दे।**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से टी.बी. मुक्त भारत अभियान सफल होगा। देश और प्रदेश टी.बी. मुक्त बनेंगे। राज्यपाल पटेल सोमवार को मध्यप्रदेश टी.बी. एसोसिएशन द्वारा आयोजित 76वें टी.बी. सील अभियान के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने टी.बी. मरीजों को पौष्टिक आहार वितरित किया और निक्षय मित्रों, चिकित्सकों, दानदाताओं एवं समाजसेवी संस्थाओं का सम्मान किया।

राज्यपाल ने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी क्षमता के अनुसार टी.बी. रोगियों की सहायता करें, क्योंकि मानवता की सेवा ही जीवन का सच्चा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद करना पुण्य का कार्य है, जिससे ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने अभियान की थीम हाँ, हम टी.बी. को समाप्त कर सकते हैं की सराहना की और टी.बी. एसोसिएशन सहित सभी संबंधित विभागों को निरंतर प्रयासों के लिए बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि टी.बी. एक संक्रामक रोग है, लेकिन इसका इलाज संभव है। मरीज समय पर दवा लें, पूरा कोर्स करें, पौष्टिक आहार लें और नियमित व्यायाम करें।

> कार्यक्रम में राज्यपाल का स्वागत टी.बी. एसोसिएशन के अध्यक्ष जयपाल सचदेव ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर किया। विधायक भगवानदास सबनानी ने टी.बी. रोग के उपचार, पौष्टिक आहार वितरण और जनजागरूकता के प्रयासों की सराहना की। भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि उचित इलाज और जागरूकता से टी.बी. को समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा, सचिव डॉ. मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष अभिजीत देशमुख, टी.बी. एसोसिएशन के पदाधिकारी, चिकित्सक, निक्षय मित्र और समाजसेवी उपस्थित रहे।

## कर्ज और फसल खराबी से दुखी किसान ने की आत्महत्या

**मुरैना.** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में एक किसान का शव खेत में पेड़ से लटका हुआ मिला है। यह दर्दनाक घटना रिठौरा थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरी की बताई जा रही है। मृतक की पहचान किसान मुकेश गुर्जर के रूप में हुई है। रविवार सुबह ग्रामीणों ने खेत में पेड़ से लटका शव देखा और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की धान की फसल हाल ही में हुई बारिश से पूरी तरह नष्ट हो गई थी। उस पर कर्ज का दबाव भी था, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहता था।

# कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर में जन मुद्दों पर हुआ फोकस



**विशेष संवाददाता**


**पचमढ़ी. पचमढ़ी में आयोजित जिला कांग्रेस अध्यक्षों के संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत रविवार सुबह ध्वजारोहण समारोह से हुई।**

इसके बाद प्रशिक्षक अरुण शर्मा के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक योग और शारीरिक व्यायाम सत्र में भाग लिया। आज के प्रशिक्षण दिवस में पार्टी की वैचारिक और संगठनात्मक नींव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तीन प्रमुख विषयगत सत्र आयोजित किए गए. पहला सत्र धर्मनिरपेक्षता और सद्भाव विषय पर विधायक एवं एआईसीसी सचिव काज़ी निज़ामुद्दीन ने संचालित किया। उन्होंने कहा कि भारत और कांग्रेस पार्टी की आत्मा एकता, सद्भाव और विविधता में विश्वास पर आधारित है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन मूल्यों को राजनीतिक और सामाजिक कार्यों में जीवित रखें।

दूसरा सत्र संगठन निर्माण की प्रक्रिया विषय पर सांसद शशिकांत सेंथिल ने संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस संगठन को ग्राम स्तर तक मज़बूत करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की और जनसंपर्क को संगठन की रीढ़ बताते हुए जनता के मुद्दों से सीधे जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। तीसरे सत्र मध्य प्रदेश सरकार की विफलताएं, जनहित के मुद्दे और कांग्रेस की आगामी रणनीति में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों की तीखी आलोचना की।

> उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाकर कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों और संकल्पों को मजबूती से प्रस्तुत करें। शाम को आयोजित अंतरसंवाद सत्र में जिला स्तर पर संगठनात्मक अनुभवों और सुझावों का आदान-प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य प्रदेश कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा, दिशा और रणनीतिक क्षमता प्रदान करना है।

# संकल्प यात्रा का झोखों में हुआ स्वागत





**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 3 नवम्बर । सीधी-सिंगरौली लोकसभा क्षेत्र के संसद डॉ. राजेश मिश्रा की संकल्प यात्रा जिले के कर्थुआ मंडल पहुंची, जहां झोखो ग्राम पंचायत में राज्यमंत्री राधा सिंह, जिला अध्यक्ष सुंदर लाल शाह के साथ मंडल अध्यक्ष आशीष धर द्विवेदी ने संकल्प यात्रा का स्वागत किया।**

भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर झोखो सरपंच प्रतिनिधि रामनारायण मौर्य ने भाजपा की सदस्यता ली। यात्रा उसके बाद कर्थुआ मंडल के ग्राम पंचायत कर्थुआ पहुंची, जहां जनता का भारी हुजूम देखने को मिला। इस कार्यक्रम में जिला के महामंत्री योगेंद्र द्विवेदी, विक्रम सिंह, डॉ रविन्द्र सिंह, सुरेंद्र प्रताप वैश्य, शंकराचार्य पाठक, पूनम गुप्ता, हर्ष सिंह , अजय द्विवेदी, अमित सिंह, विनोद वैश्य सहित अन्य मौजूद रहे

## पीएम मोदी के प्रयासों से योग और आयुर्वेद को मिला वैश्विक सम्मान

**भोपाल, 3 नवम्बर.** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज योग और आयुर्वेद जैसी भारत की प्राचीन विधाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा प्राप्त हो रही है। प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से आयुर्वेद और योग अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहे, बल्कि विश्वभर में स्वस्थ जीवनशैली के



प्रतीक बन गए हैं। तोमर सोमवार को राजधानी में रानी दुलैया स्मृति आयुर्वेद महाविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी निरामय 3.0 में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत क्षेत्र वस्तुआ ज .पं . कुसमी, जिला सीधी ( म .प्र . )

क्रमांक/07/पंचा./2025 दिनांक 02/11/2025

निवेदन है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र वस्तुआ में समस्त निर्माण कार्यों एवं कार्यालयीन व्यय तथा अन्य कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री का कोटेशन निम्न कार्यों का प्रदाय किया जाय।

| क्र . | कार्य पर सामग्री |
|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में समस्त निर्माण कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री |
| 2. | ग्राम पंचायत में उपयोग आने वाली समस्त सामग्री |
| 3. | ग्राम पंचायत वस्तुआ में ओपन जिम की स्थापना हेतु कोटेशन |

उपरोक्तानुसार कोटेशन प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सादर सम्प्रेषित है। जिसका अवधि दिनांक 02/11/2025 से 06/11/2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

**हरि प्रसाद सिंह,सरपंच** ग्राम पंचायत क्षेत्र वस्तुआ ज.पं. कुसमी, जिला-सीधी (म.प्र.)

**रामनरेश साकेत, सचिव** ग्राम पंचायत क्षेत्र वस्तुआ ज.पं. कुसमी, जिला-सीधी (म.प्र.)

## कार्यालय ग्राम पंचायत क्षेत्र टमसार ज .पं . कुसमी, जिला सीधी ( म .प्र . )

क्रमांक/06/पंचा./2025 दिनांक 03/11/2025

निवेदन है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र टमसार में समस्त निर्माण कार्यों एवं कार्यालयीन व्यय तथा अन्य कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री का कोटेशन निम्न कार्यों का प्रदाय किया जाय।

| क्र. | कार्य पर सामग्री |
|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में समस्त निर्माण कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री |
| 2. | ग्राम पंचायत में उपयोग आने वाली समस्त सामग्री |
| 3. | ग्राम पंचायत टमसार में ओपन जिम की स्थापना हेतु कोटेशन |

उपरोक्तानुसार कोटेशन प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सादर सम्प्रेषित है। जिसका अवधि दिनांक 03/11/2025 से 07/11/2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

**मकरंद सिंह उइके,सरपंच** ग्राम पंचायत क्षेत्र टमसार ज.पं. कुसमी, जिला- सीधी (म.प्र.)

**के पी सिंह ,सचिव** ग्राम पंचायत क्षेत्र टमसार ज.पं. कुसमी, जिला-सीधी (म.प्र.)


# निबंध, स्लोगन लेखन, रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

## एनसीएल में आयोजित हुआ विविध जनजागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 नवम्बर । भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया, जिसके तहत एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में ईमानदारी, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं विशिष्ट गतिविधियों का आयोजन किया गया।**




इसी क्रम में एनसीएल मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता से संबंधित प्रशिक्षण सत्र, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं सतर्कता दौड़ का आयोजन किया गया। दुद्धिचुआ परियोजना एवं सीडब्ल्यूएस इकाई द्वारा ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामीणों को सतर्कता के महत्व से अवगत कराया गया।

इसके अतिरिक्त सभी परियोजना एवं इकाइयों में वृहद स्तर पर निबंध एवं स्लोगन लेखन, ड्राइंग व पेंटिंग, रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनाओं के माध्यम से ईमानदारी एवं पारदर्शिता का संदेश दिया।

इसी कड़ी में झिंगुरदा व जयंत परियोजना एवं एनएससी में सतर्कता दौड़ आयोजित की गई, जिसके माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों एवं परियोजनाओं की टीम ने सतर्कता का संदेश स्थानीय समुदाय तक पहुँचाया।



# वार्डों में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है : अनुराधा

> नगर परिषद सरई अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 4, 5 व 13 में नाली निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**सरई 3 नवम्बर । नगर परिषद सरई में आज दिन सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष अनुराधा सिंह ने वार्ड क्रमांक 4, 5 व 13 में नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया।**

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष अनुराधा सिंह ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और पारदर्शिता व जनसहयोग के बल पर सरई को एक आदर्श नगर परिषद के रूप में विकसित करना उनका संकल्प है। उन्होंने बताया कि तीनों वार्डों में कुल लगभग 65 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इनमें वार्ड क्रमांक 4 में 5 लाख 46 हजार रुपये, वार्ड क्रमांक 5 में 10 लाख 12 हजार रुपये तथा वार्ड क्रमांक 13 में 49 लाख 76 हजार रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विजय गुप्ता बल्ली, नगर परिषद सीएमओ सुरेंद्र सिंह उईके, पार्षद रमापति जायसवाल, नगर परिषद कार्यालय की स्टाफ आरती सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत क्षेत्र गुड्डआधार ज .पं . कुसमी, जिला सीधी ( म .प्र . )

क्रमांक/08/पंचा./2025 दिनांक 03/11/2025

निवेदन है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र गुड्डआधार मे समस्त निर्माण कार्यों एवं कार्यालयीन व्यय तथा अन्य कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री का कोटेशन निम्न कार्यों का प्रदाय किया जाय।

| क्र. | कार्य पर सामग्री |
|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में समस्त निर्माण कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री |
| 2. | ग्राम पंचायत में उपयोग आने वाली समस्त सामग्री |
| 3. | ग्राम पंचायत गुड्डआधार मे ओपन जिम की स्थापना हेतु कोटेशन |

उपरोक्तानुसार कोटेशन प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सादर सम्प्रेषित है। जिसका अवधि दिनांक 03/11/2025 से 07/11/2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

**रामबाई सिंह ,सरपंच** ग्राम पंचायत क्षेत्र गुड्डआधार ज.पं. कुसमी, जिला- सीधी (म.प्र.)

**रुपवती मिश्रा, सचिव** ग्राम पंचायत क्षेत्र गुड्डआधार ज.पं.कुसमी जिला-सीधी (म.प्र.)

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- सतना (म.प्र.)

क्रमांक/प्रवा./अपर कले./25 सतना दिनांक 27/10/2025

### // सार्वजनिक सूचना //

**विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागीरथी शर्मा पिता स्व.श्री रामसोहान शर्मा उम्र 30 वर्ष (07.08.1995), स्थिति-अविवाहित, स्थायी निवासी-कारीमाटी वार्ड नम्बर-10, थाना-उचेहरा तहसील-उचेहरा जिला सतना (म.प्र.) 485861 एवं आवेदिका देवकी शर्मा पत्नी स्व.श्री गंगा प्रसाद शर्मा पिता का नाम श्री शारदा प्रसाद शर्मा उम्र-32 वर्ष (01.01.1993) स्थिति-विधवा स्थायी निवासी कारीमाटी वार्ड नम्बर-10 थाना-उचेहरा तहसील उचेहरा जिला सतना (म.प्र.) 485861 के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 17/09/2025 को प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 26/12/2025 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सतना (म.प्र.)**


# ऊर्जा, सहभागिता और उत्कृष्टता के साथ संगठनात्मक गौरव उत्सव आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 3 नवम्बर । एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी मूल मूल्य संगठनात्मक गौरव के महीने भर चले उत्सव का समापन बीते दिन रविवार को अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित समारोह के साथ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख मौजूद रहे।**

कार्यक्रम में एजे राजकुमार महाप्रबंधक, एसके सिन्हा महाप्रबंधक, डॉ. बीके भराली महाप्रबंधक, राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति ने कर्मचारियों एवं उनके परिवारों में संगठन के प्रति गौरव और आत्मीयता की भावना को और प्रबल किया। विंध्यनगर



टाउनशिप के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म ने एनटीपीसी विंध्याचल की कार्य-संस्कृति और सामुदायिक भावना को सुंदर रूप से प्रस्तुत किया।

पूरे माह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं ने कर्मचारियों उनके परिवारजनों, संविदाकर्मियों और बच्चों को एक साथ जोड़ा। कहानी लेखन, स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग और कॉलेज मेकिंग जैसी सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला और एनटीपीसी के प्रति गौरव को व्यक्त किया। वहीं क्विज और क्रॉसवर्ड जैसी बौद्धिक प्रतियोगिताओं ने उत्साह बढ़ाया। रस्साकसी और रिले रेस जैसे खेल आयोजनों ने परिवारों को एकजुट कर एक ऊर्जावान और आनंदमय वातावरण बनाया। समापन समारोह में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत क्षेत्र उमरिया ज .पं . कुसमी, जिला सीधी ( म .प्र . )

क्रमांक/05/पंचा./2025 दिनांक 02/11/2025

निवेदन है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र उमरिया में समस्त निर्माण कार्यों एवं कार्यालयीन व्यय तथा अन्य कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री का कोटेशन निम्न कार्यों का प्रदाय किया जाय।

| क्र. | कार्य पर सामग्री |
|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में समस्त निर्माण कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री |
| 2. | ग्राम पंचायत में उपयोग आने वाली समस्त सामग्री |
| 3. | ग्राम पंचायत उमरिया में ओपन जिम की स्थापना हेतु कोटेशन |

उपरोक्तानुसार कोटेशन प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सादर सम्प्रेषित है। जिसका अवधि दिनांक 02/11/2025 से 06/11/2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

**अंजू सिंह ,सरपंच** ग्राम पंचायत क्षेत्र उमरिया ज.पं. कुसमी, जिला-सीधी (म.प्र.)

**रामनरेश साकेत ,सचिव** ग्राम पंचायत क्षेत्र उमरिया ज.पं. कुसमी, जिला-सीधी (म.प्र.)

## कार्यालय ग्राम पंचायत क्षेत्र रामपुर ज .पं . कुसमी, जिला सीधी ( म .प्र . )

क्रमांक/04/पंचा./2025 दिनांक 03/11/2025

निवेदन है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र रामपुर में समस्त निर्माण कार्यों एवं कार्यालयीन व्यय तथा अन्य कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री का कोटेशन निम्न कार्यों का प्रदाय किया जाय।

| क्र. | कार्य पर सामग्री |
|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में समस्त निर्माण कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री |
| 2. | ग्राम पंचायत में उपयोग आने वाली समस्त सामग्री |
| 3. | ग्राम पंचायत रामपुर में ओपन जिम की स्थापना हेतु कोटेशन |

उपरोक्तानुसार कोटेशन प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सादर सम्प्रेषित है। जिसका अवधि दिनांक 03/11/2025 से 07/11/2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

**तीरथ सिंह, सरपंच** ग्राम पंचायत क्षेत्र रामपुर ज.पं. कुसमी, जिला- सीधी (म.प्र.)

**के पी सिंह , सचिव** ग्राम पंचायत क्षेत्र रामपुर ज.पं. कुसमी, जिला-सीधी (म.प्र.)